## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 03.03.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सवेरे 11 बजे एमएसएमई एज चैंपियंस ऑफ ग्रोथ विषय पर पोस्ट बजट वेबिनार को करेंगे संबोधित।

2. राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी 11 मार्च को सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ करेंगे बैठक, एसआईआर की चल रही तैयारियों की होगी समीक्षा।

3. राज्य की जेलों में उम्र कैद की सजा काट रहे 23 कैदी होंगे रिहा, राज्य सजा पुनरीक्षण परिषद की बैठक में बनी सहमति, मुख्यमंत्री ने सभी का डेटाबेस तैयार करने का दिया निर्देश।

4. राज्य भर में होली और रमजान को लेकर सुरक्षा के किए गए पुख्ता इंतजाम, दस हज़ार से ज्यादा जवानों की तैनाती, असामाजिक तत्वों पर होगी कड़ी नजर।

5. जमशेदपुर में आज मनाई जा रही जेएन टाटा की 187 वीं जयंती, श्रद्धांजलि सभा के साथ होंगे कई और कार्यक्रम।

************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सवेरे 11 बजे 'एमएसएमई एज चैंपियंस ऑफ ग्रोथ' विषय पर पोस्ट बजट वेबिनार को संबोधित करेंगे। इस वेबिनार में बजट घोषणाओं से जुड़े महत्वपूर्ण प्रावधानों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों–एमएसएमई–को देश की विकास शक्ति में बदलने की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम का उद्देश्य उद्योग जगत, उद्यमियों और संबंधित हितधारकों को सरकार की नीतियों और आगामी रोडमैप की जानकारी देना है।

************************

झारखंड में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण, एसआईआर की प्रक्रिया अगले महीने शुरू होगी। इस सिलसिले में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार 11 मार्च को सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे, जिसमें एसआईआर की चल रही तैयारियों की समीक्षा होगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि राज्य में लगभग सौ दिनों तक एसआईआर की प्रक्रिया चलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में फिलहाल 2 करोड़ 65 लाख मतदाता हैं, जिनमें लगभग 1 करोड़ 95 लाख मतदाताओं का सत्यापन हो चुका है ।

************************

राज्य की जेलों में उम्र कैद की सजा काट रहे 23 कैदी रिहा किए जाएंगे । मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में राज्य सजा पुनरीक्षण परिषद की 36 वीं बैठक में इन कैदियों को रिहा करने पर सहमति बनी। मुख्यमंत्री ने जेल से रिहा होने वाले कैदियों का डेटाबेस तैयार करने के साथ उनकी गतिविधियों की निगरानी करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि इन कैदियों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का भी लाभ उपलब्ध कराएं।

************************

मानगो नगर निगम की नव निर्वाचित महापौर सुधा गुप्ता ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि मानगो क्षेत्र का समुचित विकास उनकी प्राथमिकता होगी।

************************

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने जामताड़ा जिले के नारायणपुर प्रखंड में 17 योजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि नारायणपुर को अनुमंडल का दर्जा दिलाने का प्रयास जारी रहेगा। यहां आधुनिक अस्पताल इंजीनियरिंग कॉलेज और स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स बनाया जाएगा।

************************

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि सरकार पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति पर लगातार नजर रख रही है। श्री पुरी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि देश में प्रमुख पेट्रोलियम उत्पादों की उपलब्धता और सामर्थ्य सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

************************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में होली और रमजान को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर सभी 24 जिलों में 10 हज़ार से ज्यादा जवानों की तैनाती की गई है। वहीं, संवेदनशील इलाकों में विशेष एहतियात बरतने के अलावा सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों, अफवाह फैलाने वालों तथा सड़कों पर हुड़दंग करने वालों की निगरानी करने का निर्देश सभी जिलों को दिया गया है। वहीं, उत्पाद विभाग ने होली को लेकर कल शराब की सभी दुकान बंद रखने का आदेश जारी कर दिया है।

************************

सरायकेला– खरसांवा जिले में होली को लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट है। यहां आपात स्थिति के लिए दो सौ बेड सुरक्षित रखे गए हैं। सिविल सर्जन डॉ जुझार माझी ने बताया कि इनडोर और इमरजेंसी में इलाज को लेकर समूचित इंतजाम किए गए हैं।

************************

रांची पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बारह अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इन अपराधियों के पास से राइफल, पिस्तौल, कारतूस और कई अन्य सामान भी बरामद हुए हैं। रांची के सिटी एसपी पारस राणा ने बताया कि विधान सभा थाना क्षेत्र के नईसराय में दो गुटों के बीच हुए संघर्ष में पुलिस ने ये कार्रवाई की है।

************************

एसीबी, धनबाद की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवकाश प्राप्त पुलिस कर्मी लालेश्वर सिंह को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। वह एक पूर्व केंद्रीय मंत्री का बॉडीगार्ड भी रह चुका है।

************************

खूंटी जिले के रनिया थाना क्षेत्र स्थित तूरीगड़ा मोड़ के समीप सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। बीते शाम एक मोटरसाइकिल के एक ट्रक से सीधी टक्कर होने की वजह से यह दुर्घटना हुई।

************************

जमशेदपुर में आज जे एन टाटा की 187 वीं जयंती भव्य तरीके से मनाई जा रही है। इस अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के साथ कई कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे हैं। वहीं, शहर की आकर्षक विद्युत सज्जा की गई है, जिसका उद्घाटन टाटा समूह के अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन ने किया। उन्होंने जमशेदपुर वासियों को फाउंडर्स डे की बधाई दी और राज्य के विकास में साझेदार बनने की प्रतिबद्धता जताई।

************************

राजधानी रांची समेत राज्य के ज्यादातर हिस्सों में अगले एक सप्ताह तक मौसम के शुष्क रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि पारा बढ़ने से दिन के साथ अब रात भी गर्म हो चला है। वहीं, जमशेदपुर और सरायकेला जैसे जिलों में अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से ज्यादा है।

************************

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने ईरान–इजराइल युद्ध और मुख्यमंत्री और टाटा समूह के बीच निवेश को लेकर हुई बैठक की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– रांची में जंगली हाथी ने युवक को कुचला, एक महिला घायल।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं– झारखंड में अप्रैल से एसआईआर, सौ दिनों में पूरा करने का रखा गया लक्ष्य।

प्रभात खबर ने हाईकोर्ट के हवाले से लिखा है – सरकार को सार्वजनिक योजना के लिए स्थल चयन का अधिकार।

दैनिक जागरण की सुर्खी है झारखंड मे डेटा सेंटर हब समेत कई उधोगों में निवेश करेगा टाटा समूह।

*************************